दैनिक जागरण
3 जुलाई 2012

www.jagran.com

दो माह में 'वेंडिंग जोन' के लिए तलाशें जमीन

जागरण ब्यूरो, पटना : नगर विकास एवं आवास मंत्री डा. प्रेम कुमार ने डीएफआइडी संपोषित 29 शहरों के विकास की योजना की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि फुटपाथी दुकानों के लिए दो माह के भीतर स्थलों की पहचान करें।

उन्होंने बताया कि इन शहरों में फुटपाथ पर अनियंत्रित तरीके से बैठने वाले व्यवसायियों को व्यवस्थित तरीके से अस्थाई दुकानों में बैठने के मकसद से वेंडिंग जोन का निर्माण किया जा रहा है। शुरुआत में मोतिहारी में 105 फुटपाथी दुकानदारों के लिए वेंडिंग जोन की खातिर कार्यादेश 30 जून को जारी कर दिया गया है। इस वेंडिंग जोन में पेयजल, शौचालय, डस्टबिन, पार्किंग आदि की सुविधा रहेगी। पटना में राजवंशी नगर हनुमान मंदिर के सामने वेंडिंग जोन का प्रस्ताव है। 70 फुटपाथी दुकानदारों के लिए यहां व्यवस्था होगी।

3-7-2012

प्रभात खबर

29 शहरों में बनाया जायेगा वेंडर जोन

संवाददाता ■ पटना

नगर विकास एवं आवास विभाग 29 शहरों में फुटपाथी दुकानदारों के लिए वेंडर जोन बनायेगा. इसकी शुरुआत मोतिहारी से होगी, जहां पर 105 फुटपाथी दुकानदारों के लिए एक जोन की व्यवस्था की जा रही है. नगर विकास मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने संवर्द्धन कार्यक्रम के तहत चलायी जा रही योजना की सोमवार को समीक्षा की. उन्होंने कहा, सभी शहरों में अनियंत्रित तरीके से बैठनेवाले फुटपाथी दुकानदारों को व्यवस्थित करने के लिए वेंडर जोन बनाया जा रहा है. इसमें दुकानदारों और खरीदारों के लिए पेयजल, शौचालय, पार्किंग आदि की सुविधाएं बहाल की जायेंगी. राजधानी के राजवंशीनगर में वेंडिंग जोन प्रस्तावित है.

इन शहरों में कराया जायेगा निर्माण

जिन शहरों में वेंडिंग जोन बनाया जाना है, उनमें पटना, दानापुर, खगौल, फुलवारीशरीफ, हाजीपुर, बिहारशरीफ, छपरा, आरा, बेगूसराय, सीवान, गया, बोधगया, डेहरी, सासाराम, औरंगाबाद, नवादा, पूर्णिया, सहरसा, किशनगंज, कटिहार, कटिहार, भागलपुर, मुंगेर, जमालपुर, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, बेतिया, दरभंगा और राजगीर शामिल हैं.

3-7-2012

2 | राष्ट्रीय सहारा

फुटपाथी दुकानदारों के लिए 29 शहरों में बनेंगे वेंडर जोन

पटना (एसएनबी)। राज्य के 29 नगर निकायों में फुटपाथों पर बैठने वाले व्यवसायियों को व्यवस्थित तरीके से अस्थायी दुकानों में बैठने की व्यवस्था करने के लिए वेंडर जोन बनायेगी सरकार।

वेंडर जोन की शुरुआत मोतिहारी से की जा रही है। मोतिहारी में 105 फुटपाथी व्यवसाइयों के लिए एक वेंडर जोन विकसित किया जा रहा है। रूद्र कंस्ट्रक्शन कंपनी को 30.15 लाख की लागत से 3 माह में

▶ मोतिहारी से शुरुआत, यहां 105 फुटपाथी दुकानदारों के लिए बनेगा वेंडर जोन

वेंडर जोन का निर्माण करने का ठेका दिया गया है। ये बातें नगर विकास मंत्री प्रेम कुमार ने आज डीएफआईडी के स्पर द्वारा चलाये जा रहे संवर्धन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक में कहीं। राजवंशी नगर हनुमान मंदिर के सामने पटना में भी वेंडर जोन प्रस्तावित है। यहां पर 70 व्यवसायियों के लिए वेंडर जोन बनाया जाना है। उन्होंने कहा कि पटना, दानापुर, खगौल, फुलवारीशरीफ, हाजीपुर, बिहारशरीफ, छपरा, आरा, बेगूसराय, सिवान, गया, बोधगया, डेहरी, सासाराम, औरंगाबाद, नवादा, पूर्णियां, सहरसा, किशनगंज, भागलपुर, मुंगेर, जमालपुर, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, बेतिया, मोतिहारी, दरभंगा एवं राजगीर सहित सभी 29 नगर निकायों में वेंडर जोन विकसित किया जाएगा।

---

* THE TIMES OF INDIA, PATNA
TUESDAY, JULY 3, 2012

Vendor zones under 29 urban local bodies

Patna: The state government has decided to create and construct vendor zones to provide temporary sitting arrangements to footpath vendors under 29 urban local bodies of the state on the consultancy advice of Department for International Development (DFID) of the UK.

Under the same programme, the work on constructing a vendor zone has been started at Motihari, while one of them would also come up at a cost of Rs22.85 lakh near Hanuman Mandir at Rajvanshinagar in Patna in the next one month, said urban development minister Prem Kumar on Monday while reviewing the status of construction of vendor zones in the state.

Kumar said the vendor zone being constructed at Motihari at a cost of Rs30.15 lakh would be completed in three months. It would provide temporary sitting arrangement to 105 footpath vendors. Similarly, the vending zone would provide sitting facility to 70 footpath vendors at Rajvanshinagar here, he added. The 29 urban bodies where the vendor zones would be created include Patna, Danapur, Khagaul, Phulwarisharif, Hajipur, Biharsharif, Chhapra, Ara, Begusarai, Siwan, Gaya, Bodh Gaya, Dehri, Sasaram, Aurangabad, Nawada, Purnia, Saharsa, Kishanganj, Katihar, Bhagalpur, Munger, Jamalpur, Muzaffarpur, Sitamarhi, Bettiah, Motihari, Darbhanga and Rajgir. TNN

The vendor zones would be created in Patna, Danapur, Khagaul, Phulwarisharif, Hajipur, Biharsharif, Chhapra, Ara, Begusarai, Siwan, Gaya, Bodh Gaya, Dehri, Sasaram, Aurangabad, Nawada, Purnia, Saharsa, Kishanganj, Katihar, Bhagalpur, Munger, Jamalpur, Muzaffarpur, Sitamarhi, Bettiah, Motihari, Darbhanga and Rajgir